समाज कार्य परामर्श में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. परामर्श द्वितीय वर्ष)

सत्रीय कार्य : 2026–2027

पाठ्यक्रम शीर्षक

एम.एस.डब्ल्यू–012: जीवन की विशेषताओं और चुनौतियों का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–013 : परामर्श के मनोवैज्ञानिक आधार का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–014 : परामर्श में सामाजिक वैयक्तिक कार्य की प्रासंगिकता
एम.एस.डब्ल्यू.–015: परामर्श के मूल तत्व
एम.एस.डब्ल्यू.–016: परामर्श के क्षेत्र

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई,2026 सत्र –31 मार्च,2027
जनवरी,2027 सत्र –30 सितम्बर,2027

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य (परामर्श) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (द्वितीय वर्ष)में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें।समाज कार्य (परामर्श) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के समाज कार्य (परामर्श)कार्यक्रम का अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।

- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
  परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए30% भारित देते हैं।**सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

डॉ. एन. रम्या
(कार्यक्रम समन्वयक)

परामर्श की मूल बातें
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–15
कुल अंक–100

नोट : i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) उपयुक्त उदाहरणों के साथ परामर्श की प्रक्रिया का वर्णन करें। 20

अथवा

सहायक मनोचिकित्सा क्या है? सहायक चिकित्सा की कुछ तकनीकों का उल्लेख करें। 20

2) परामर्श अभ्यास में बहु–सांस्कृतिक संभावना में नैतिक मुद्दों पर चर्चा करें। 20

अथवा

प्रासंगिक उदाहरणों के साथ परामर्श के विभिन्न मॉडलों की व्याख्या करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिएः

क) परामर्श की अनिवार्यताओं की व्याख्या कीजिए। 10

ख) परामर्श में पर्यवेक्षण पर संक्षेप में चर्चा करें। 10

ग) परामर्श के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। 10

घ) प्ले थेरेपी के दायरे और उद्देश्यों पर चर्चा करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिएः

क) युगल/वैवाहिक परामर्श में चरणों को सूचीबद्ध करें? 5

ख) सुनने में बाधा का उल्लेख करें। 5

ग) परामर्श के कानूनी प्रभावों की व्याख्या करें। 5

घ) परामर्श और मनोचिकित्सा के बीच प्रमुख अंतरों पर प्रकाश डालें? 5

ङ) परामर्श में सुनने के महत्व पर चर्चा करें। 5

च) एक अच्छे सलाहकार के लिए आवश्यक कौशल का उल्लेख करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिएः

क) अनुवर्ती कार्रवाई 4

ख) सूचित सहमति 4

ग) व्यक्ति केंद्रित चिकित्सा 4

घ) आकलन 4

ङ) समाप्ति 4

च) परिवार परामर्श 4

छ) गोपनीयता 4

ज) गेस्टाल्ट परामर्श 4